बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या – 01/भू0अ0नि0(13)आरोप(बेगूसराय)–10/2023..1194..... पटना, दिनांक :– 05/03/2024

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय के पत्रांक 2516 दिनांक 16.12.2023 द्वारा श्री विक्की कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN00403) के विरूद्ध दिनांक 09.10.2023 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का प्रतिवेदन देते हुए अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 15 दिनांक 03.01.2024 द्वारा श्री कुमार से अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के विरूद्ध 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा 01 माह बाद भी स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो वरीय पदाधिकारी के निदेश की अवहेलना का परिचायक है।

स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में निदेशालय अन्तर्गत R2R सॉफ्टवेयर में इनके ऑनलाईन उपस्थिति की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाता हूँ कि श्री कुमार माह अक्टूबर, 2023 से अनुपस्थित हैं, जिसके कारण इनको आवंटित मौजा का कार्य बाधित है। इन्हें अनुपस्थिति के संबंध में अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है, परन्तु इनके द्वारा इसका सदुपयोग न करते हुए निदेश की अवहेलना की गयी है, जो इनके मनमानेपन, अनुशासनहीनता, कर्त्तव्यहीनता एवं कार्य के प्रति लापरवाही को परिलक्षित करता है।

विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध एवं सरकार की महत्वकांछी योजना है, जिसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के उद्देश्य से ही विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का नियोजन किया गया है। इतनी लम्बी अवधि से इनकी अनुपस्थिति के कारण इनको आवंटित मौजा का कार्य प्रभावित हुआ है। इनके इस कृत का प्रभाव अन्य संविदा कर्मियों पर न पड़े इसके दृष्टिगत इन्हें संविदा में बनाए रखना उचित नहीं होगा।

अतः बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम 8(4) के आलोक में श्री विक्की कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN00403) का संविदा नियोजन अनुपस्थिति की तिथि अर्थात दिनांक 09.10.2023 से समाप्त किया जाता है।

5/3/24
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)आरोप(बेगूसराय)–10/2023...1194... **पटना, दिनांक** :– 05/03/2024

प्रतिलिपि :– श्री विक्की कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN00403), बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

5/3/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)आरोप(बेगूसराय)–10/2023...1794.... **पटना, दिनांक** :– 05/03/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 5/3/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)आरोप(बेगूसराय)–10/2023...1794.... **पटना, दिनांक** :– 05/03/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0/- 5/3/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप